Members facing any technical issue in login can contact NSDL helpdesk by sending a request at evoting@nsdl.co.in or call at toll free no.: 1800 1020 990 and 1800 22 44 30.	Members facing any technical issue in login can contact CDSL helpdesk by sending a request at helpdesk.evoting@cdslindia.com or contact at 022- 23058738 or 022-23058542-43 Email as recorded in the demat Account.

Procedure for Individual Shareholders (holding securities in demat mode) to login through their demat accounts / website of their Depository Participants

i. You can also login using the login credentials of your demat account through your Depository Participant registered with NSDL/CDSL for e-voting facility.
ii. After successful login, you will be able to see e-voting option. Once you click on e-voting option, you will be redirected to NSDL/ CDSL depository site after successful authentication, wherein you can see e-voting feature.

एनएसडीएल/सीडीएसएल डिपॉज़िटरी साइट पर रिडायरेक्ट कर दिए जाएंगे जहां आपको ई-वोटिंग फीचर दिखाई पड़ेगा.

iii. बैंक के नाम पर या ई-वोटिंग सर्विस प्रदाता के नाम पर क्लिक करें तथा इसके बाद आप रिमोट ई-वोटिंग अवधि के दौरान बिना किसी और अधिप्रमाणन के अपना मतदान करने के लिए ई-वोटिंग सेवा प्रदाता की वेबसाइट पर रिडायरेक्ट कर दिए जाएंगे.

II. गैर वैयक्तिक शेयरधारक तथा भौतिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों के लिए

गैर वैयक्तिक शेयरधारक तथा भौतिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों के लिए लॉगिन पद्धति नीचे दी जा रही है :

यदि शेयरधारक आईडीबीआई बैंक/केफ़िंटेक से ईमेल प्राप्त करते हैं [उन शेयरधारकों के लिए जिनके ईमेल पते बैंक/डिपॉज़िटरी सहभागियों के पास पंजीकृत हैं] :

i. यूआरएल : https:// evoting.kfintech.com टाइप करते हुए इंटरनेट ब्राउजर लांच करें.

ii. ईमेल पत्राचार में उल्लेख किए गए अनुसार लॉगिन क्रेडेंशियल (अर्थात यूजर-आईडी और पासवर्ड) इंटर करें. ई-वोटिंग इवेंट नंबर और आपका फोलियो नंबर या आपका डीपी आईडी-क्लाइंट आईडी आपका यूजर-आईडी होगा.
यूजर-आईडी : डीमैट रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों के लिए
एनएसडीएल के लिए : IN से शुरू 8 कैरेक्टर वाला डीपी आईडी तथा उसके बाद 8 अंकीय क्लाइंट आईडी.
सीडीएसएल के लिए : 16 अंकीय लाभार्थी आईडी.
यूजर-आईडी : भौतिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों के लिए
ईवेन नंबर तथा उसके बाद आईडीबीआई बैंक /आरटीए के पास पंजीकृत फोलियो नंबर.
पासवर्ड : आपका यूनिक पासवर्ड इलेकट्रोनिक नोटिस के साथ ईमेल द्वारा भेजा जाता है.
कैप्चा : कृपया सत्यापन कोड इंटर करें, अर्थात सुरक्षा कारणों से अक्षर और संख्याएँ ठीक उसी रूप में जैसाकि वे प्रदर्शित की गई हैं.

iii. उपयुक्त रूप से ये ब्योरे इंटर करने के बाद 'LOGIN' पर क्लिक करें.

iv. यदि आप पहली बार लॉगिन कर रहे हैं तो तो अब आप पासवर्ड चेंज मेनू पर पहुंचेगे जहां आपको अनिवार्य रूप से अपना पासवर्ड चेंज करना होगा. नया पासवर्ड कम से कम 8 कैरेक्टर का होगा जिसमें कम से कम एक अपर केस (A से Z), एक लोअर केस (a से z)एक न्यूमेरिक वैल्यू (0-9) और एक स्पेशल कैरेक्टर (@, #, $, आदि) होंगे. पहली बार लॉगिन करने पर सिस्टम आपको अपना पासवर्ड बदलने तथा अपने मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी, जैसे ब्योरे अद्यतन करने के लिए प्रॉम्प्ट करेगा.
पासवर्ड भूल जाने कि स्थिति में उसे फिर से रिट्रीव करने के लिए आप अपने पसंद के गोपनीय प्रश्न और उत्तर भी इंटर कर सकते हैं. यह पुरज़ोर सिफ़ारिश की जाती है कि आप अपने पासवर्ड किसी अन्य व्यक्ति के साथ शेयर न करें तथा अपना पासवर्ड गोपनीय रखने के लिए अत्यधिक सावधानी बरतें.

v. आपको नए क्रेडेंशियल के साथ फिर से लॉगिन करने की जरूरत है.

vi. सफलतापूर्वक लॉगिन के बाद सिस्टम आपको ई-वोटिंग इवेंट नंबर 'EVEN', अर्थात IDBI Bank चुनने के लिए प्रॉम्प्ट करेगा.

vii. वोटिंग पेज पर आप संकल्प संबंधी विवरण देख पाएंगे और उसके सामने वोटिंग के लिए 'FOR / AGAINST / ABSTAIN' ऑप्शन रहेगा. 'FOR / AGAINST' के अंतर्गत यथा कट ऑफ तारीख को शेयरों की संख्या (जो आपके मतदान की संख्या प्रदर्शित करती है) इंटर करें या विकल्प के तौर पर आप 'FOR' के लिए कोई भी आंशिक नंबर और 'AGAINST' के लिए कोई भी आंशिक नंबर इंटर कर सकते हैं, लेकिन 'FOR / AGAINST' के लिए कुल संख्या मिल कर कट ऑफ तारीख को आपकी कुल शेयरधारिता से अधिक नहीं होनी चाहिए. आप 'ABSTAIN' का विकल्प भी चुन सकते हैं. यदि शेयरधारक 'FOR' या 'AGAINST' में से कोई भी नहीं चुनते हैं तो इसे 'ABSTAIN' माना जाएगा और धारित शेयरों को दोनों में से किसी भी हेड के अंतर्गत नहीं माना जाएगा.

viii. एकाधिक फोलियो/डीमैट खाते वाले शेयरधारक प्रत्येक फोलियो/डीमैट खाते के लिए अलग-अलग वोटिंग प्रक्रिया को चुनेंगे.

ix. इसके बाद आप उपयुक्त ऑप्शन चुन कर अपना वोट दें तथा 'Submit' पर क्लिक करें.

x. एक पुष्टीकरण बॉक्स प्रदर्शित होगा. पुष्टि करने के लिए 'OK' पर क्लिक करें या संशोधित करने के लिए 'CANCEL' पर क्लिक करें. एक बार पुष्टि करने के बाद आपको अपने मतदान में संशोधन की अनुमति नहीं होगी. वोटिंग अवधि के दौरान, संकल्प पर वोट करने के पहले तक शेयरधारक कितनी बार भी लॉगिन कर सकते हैं.
कट ऑफ तारीख को भौतिक रूप में शेयर रखने वाले कोई व्यक्ति और गैर वैयक्तिक सदस्य evoting@kfintech.com पर अनुरोध भेज कर लॉगिन

iii. Click on the Bank's name or e-voting service provider's name and you will be redirected to e-voting service provider's website for casting your vote during the remote e-voting period without any further authentication.

II. FOR NON-INDIVIDUAL SHAREHOLDERS AND SHAREHOLDERS HOLDING SHARES IN PHYSICAL FORM

Login method for non-individual shareholders and shareholders holding shares in physical form are given below:

In case a shareholder receives an e-mail from IDBI Bank / KFintech [for shareholders whose e-mail addresses are registered with the Bank / Depository Participant(s)]:

i. Launch internet browser by typing the URL: https:// evoting.kfintech.com.

ii. Enter the login credentials (i.e., user-id and password) mentioned in the email communication. The e-Voting Event Number and your Folio Number or your DP ID - Client ID will be your User- ID.
User- ID: For shareholders holding shares in Demat form:
For NSDL: 8 Character DP ID starting with IN followed by 8 Digits Client ID for CDSL: 16 digits beneficiary ID
User-ID: For shareholders holding shares in Physical Form:
EVEN number followed by Folio No. registered with IDBI Bank / RTA.
Password: Your unique password is sent via e-mail forwarded through the electronic notice.
Captcha: Please enter the verification code i.e. the alphabets and numbers in the exact way as they are displayed for security reasons.

iii. After entering these details appropriately, Click on 'LOGIN'.

iv. If you are logging in for the first time, you will now reach password change menu wherein you are required to mandatorily change your password. The new password shall comprise of minimum 8 characters with at least one upper case (A-Z), one lower case (a-z), one numeric value (0-9) and a special character (@, #, $, etc.). The system will prompt you to change your password and update your contact details like mobile number, email ID, etc. on first login.
You may also enter a secret question and answer of your choice to retrieve your password in case you forget it. It is strongly recommended that you do not share your password with any other person and that you take utmost care to keep your password confidential.

v. You need to login again with the new credentials.

vi. On successful login, the system will prompt you to select the E-Voting Event Number 'EVEN' i.e., IDBI Bank.

vii. On the voting page you will see Resolution Description and against the same the option 'FOR / AGAINST / ABSTAIN' for voting. Enter the number of shares (which represents the number of votes) as on the cut-off date under 'FOR / AGAINST' or alternatively, you may partially enter any number in 'FOR' and partially in 'AGAINST' but the total number in 'FOR / AGAINST' taken together should not exceed your total shareholding as on the cut-off date. You may also choose the option 'ABSTAIN'. If the shareholder does not indicate either 'FOR' or 'AGAINST' it will be treated as 'ABSTAIN' and the shares held will not be counted under either head.

viii. Shareholders holding multiple folios / demat accounts shall choose the voting process separately for each folios / demat accounts.

ix. You may then cast your vote by selecting an appropriate option and click on 'Submit'.

x. A confirmation box will be displayed. Click 'OK' to confirm else 'CANCEL' to modify. Once you confirm, you will not be allowed to modify your vote. During the voting period, shareholders can login any number of times till they have voted on the resolution(s).
Any person holding shares in physical form and non-individual members as on the cut-off date, may obtain the login ID and

आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकते हैं. तथापि, यदि वे रिमोट ई-वोटिंग के लिए केफ़िंटेक के पास पहले से ही पंजीकृत हैं तो वे अपने वर्तमान यूज़र आईडी और पासवर्ड का प्रयोग मतदान के लिए कर सकते हैं/कर सकती हैं.

अपना मतदान करने के लिए II (i से x) में दिए गए अनुदेश का अनुसरण करें.

III. संकल्प पर मतदान करने के लिए शेयरधारकों को सामान्य अनुदेश/जानकारी

i. कॉर्पोरेट/संस्थागत शेयरधारकों (अर्थात् व्यक्ति, एचयूएफ, एनआरआई आदि से भिन्न) से अपेक्षित है कि वे संबंधित बोर्ड संकल्प/ प्राधिकार पत्र आदि की सत्यापित स्कैन प्रति (पीडीएफ फॉर्मेट) scrutinizer@snaco.net के जरिये संवीक्षक को भेजें और उसकी प्रति einward.ris@kfintech.com और idbiequity@idbi.co.in को भेजें.

ii. किसी पूछताछ के मामले में कृपया 'Downloads' सेक्शन में ड्रॉपडाउन मेनू के माध्यम से उपलब्ध 'Help' और 'Frequently Asked Questions' (FAQs) सेक्शन/E-voting user manual देखें जो आरटीए की वेबसाइट https://evoting.kfintech.com पर उपलब्ध है या टोल फ्री नंबर 1800 309 4001 पर कॉल करें. ई-वोटिंग से संबन्धित किसी भी शिकायत को श्री एस. वी. राजू, उप महा प्रबन्धक को ईमेल आईडी einward.ris@kfintech.com या evoting@kfintech.com को भेज सकते हैं.

iii. डाक मतपत्र की वैधता पर संवीक्षक का निर्णय अंतिम निर्णय होगा.

इस नोटिस में निर्दिष्ट संकल्पों के लिए ई-वोटिंग करने हेतु यूज़र आईडी और पासवर्ड प्राप्त करने और ई-मेल आईडी पंजीकृत कराने के लिए उन शेयरधारकों के लिए प्रक्रिया जिनके ईमेल आईडी डिपॉजिटरियों के पास पंजीकृत नहीं हैं:

1. यदि शेयर कागजी स्वरूप में धारित हैं तो कृपया फोलियो संख्या, शेयरधारक का नाम, शेयर प्रमाणपत्र की स्कैन प्रति (मुखपृष्ठ और पृष्ठ भाग दोनों), पैन (पैन कार्ड की स्व-प्रमाणित स्कैन प्रति), आधार (आधार कार्ड की स्व-प्रमाणित स्कैन प्रति) ईमेल से idbiequity@idbi.co.in पर भेजें.
2. यदि शेयर डिमैट स्वरूप में धारित हैं तो कृपया डीपीआईडी–सीएलआईडी (16 अंकीय डीपीआईडी+ सीएलआईडी अथवा 16 अंकीय लाभार्थी आईडी), नाम, ग्राहक मास्टर अथवा समेकित लेखा विवरण, पैन (पैन कार्ड की स्व-प्रमाणित स्कैन प्रति), आधार (आधार कार्ड की स्व-प्रमाणित स्कैन प्रति) ईमेल से idbiequity@idbi.co.in पर भेजें. यदि आप डिमैट स्वरूप में प्रतिभूतियाँ धारित करने वाले वैयक्तिक शेयरधारक हैं तो आप उपर्युक्त टेबल में बताई पद्धति से लॉगिन करें.
3. विकल्प के तौर पर सदस्य ऊपर पैरा (1) अथवा (2), जैसी स्थिति हो, में उल्लिखित विवरण उपलब्ध कराते हुए प्रयोक्ता आईडी तथा पासवर्ड प्राप्त करने के लिए einward.ris@kfintech.com पते पर अनुरोध ई-मेल भेज सकते हैं.

तत्काल ध्यान देने के लिए महत्वपूर्ण टिप्पणियाँ:

1. कंपनी (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 35 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 20 और कंपनी (प्रबंध एवं प्रशासन) नियमावली, 2014 के नियम 18(3) के साथ पठित धारा 101 की शर्तों के अनुसार, उन सभी सदस्यों, जिन्होंने आज की तारीख तक अपनी ईमेल-आईडी(यों) को बैंक के पास पंजीकृत/ अद्यतन नहीं किया है, से अनुरोध किया जाता है कि वे आईडीबीआई बैंक से इलेक्ट्रॉनिक रूप में महासभा की सूचना और/ या अन्य सूचनाएँ प्राप्त करने हेतु उपर्युक्त ब्योरे हमें उपलब्ध कराएं.
2. दिनांक 20 अप्रैल 2018 के सेबी परिपत्र सं. सेबी / एचओ / एमआईआरएसडी /डीओपी1/ सीआईआर/पी/2018/73 के अनुसार, जिसमें निर्गमकर्ता कंपनी और आरटीए को कागजी रूप में प्रतिभूति धारण करने वाले सभी प्रतिभूति धारकों के पैन कार्ड तथा बैंक खाते के ब्योरों की प्रति एकत्र करने के निर्देश दिये गए थे, बैंक के उन सभी शेयरधारकों जिनके पास शेयर कागजी स्वरूप में हैं से अनुरोध है कि वे पहले जिस शेयरधारक का नाम दिया गया है उसके और अन्य सभी संयुक्त शेयरधारकों के पैन कार्ड की प्रति/प्रतियाँ और बैंक की वेबसाइट www.idbibank.in पर उपलब्ध अपेक्षित फॉर्म में बैंक खाते के ब्योरे (यदि पहले प्रस्तुत न किए हों तो) प्रस्तुत करें. विधिवत भरा हुआ फॉर्म उसमें उल्लखित दस्तावेजों सहित उसमें दिये गए पते पर प्रस्तुत किया जाए. इससे सेबी के उपर्युक्त परिपत्र के अनुपालन और शेयरधारक/कों के अधिदेशित बैंक खातें में रिज़र्व बैंक द्वारा अनुमोदित इलेक्ट्रॉनिक भुगतान पद्धति जैसे ईसीएस [एलईसीएस (स्थानीय ईसीएस)/ आरईसीएस (क्षेत्रीय ईसीएस)/ एनईसीएस (राष्ट्रीय ईसीएस)], नेफ्ट आदि के माध्यम से लाभांश (यदि कोई घोषित किया गया हो) के भुगतान में सुविधा होगी.
3. दिनांक 3 नवंबर 2021 के सेबी परिपत्र सं. सेबी/एचओ/एमआईआरएसडी/ एमआईआरएसडी_आरटीएएमबी/पी/सीआईआर/2021/655 के अनुसार, सेबी ने आरटीए द्वारा निवेशक के सेवा अनुरोध को प्रोसेस करने और पैन, केवाईसी विवरण और नामांकन प्रस्तुत करने की शर्तों को प्रोसेस करने के लिए सामान्य और सरलीकृत शर्तें निर्धारित की हैं. संबंधित प्रपत्रों के साथ उक्त परिपत्रों की प्रतियां आईडीबीआई बैंक की वेबसाइट **https://www.idbibank.in/idbibank-investor.aspx** और केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, अर्थात् बैंक के आरटीए की वेबसाइट **www.kfintech.com** पर उपलब्ध है.

password by sending a request at evoting@kfintech.com. However, if he / she is already registered with KFintech for remote e-voting then he /she can use his / her existing User ID and password for casting the vote.

Follow the instructions at II (i) to (x) to cast your vote.

III. GENERAL INSTRUCTIONS/INFORMATION TO SHAREHOLDERS FOR VOTING ON THE RESOLUTIONS:

I. Corporate/Institutional Members (i.e. other than Individuals, HUF, NRI etc.) are required to send scanned certified true copy (PDF Format) of the Board Resolution/Authority Letter etc., to the Scrutinizer at scrutinizer@snaco.net with a copy marked to einward.ris@kfintech.com and idbiequity@idbi.co.in.

ii. In case of any queries, please visit 'Help' and 'Frequently Asked Questions' (FAQs) section / E- voting user manual available through a dropdown menu in the 'Downloads' section available at RTA's website https://evoting.kfintech.com or call at toll free no. 1800 309 4001. Any grievance relating to e-voting may be addressed to Mr. S V Raju, Deputy General Manager, at e-mail id: einward.ris@kfintech.com Or evoting@kfintech.com.

iii. The Scrutinizer's decision on the validity of the Postal Ballot shall be final.

Process for those shareholders whose email ids are not registered with the depositories for procuring user id and password and registration of e-mail ids for e-voting for the resolutions set out in this notice:

1. In case shares are held in physical mode please provide Folio No., Name of shareholder, scanned copy of the share certificate (front and back), PAN (self-attested scanned copy of PAN card), AADHAR (self-attested scanned copy of AADHAR Card) by email to idbiequity@idbi.co.in
2. In case shares are held in demat mode, please provide DPID-CLID (16 digit DPID + CLID or 16 digit beneficiary ID), Name, client master or copy of Consolidated Account statement, PAN (self-attested scanned copy of PAN card), AADHAR (self-attested scanned copy of AADHAR Card) to idbiequity@idbi.co.in. If you are an Individual shareholders holding securities in demat mode, you are requested to refer to the login method explained in table above.
3. Alternatively member may send an e-mail request to einward.ris@kfintech.com for obtaining User ID and Password by proving the details mentioned in Point (1) or (2) as the case may be.

IMPORTANT NOTES FOR URGENT ATTENTION:

1. In terms of Section 20 of the Companies Act, 2013 read with Rule 35 of the Companies (Incorporation) Rules, 2014 and Section 101 read with Rule 18(3) of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, Members, who have not registered / updated their e-mail id(s) with the Bank are requested, to kindly provide the said details in order to receive Notices of General Meetings and / or other communications from IDBI Bank in electronic form.
2. In terms of SEBI Circular No. SEBI / HO / MIRSD / DOP1 / CIR / P / 2018/73 dated April 20, 2018, directing the issuer company and RTA to collect copy of PAN card and Bank Account details of all security holders holding securities in physical form, all Shareholders of the Bank who hold shares in physical form are requested to furnish the copy/ies of PAN card of first named shareholder & all joint shareholders and furnish Bank account details (if not already furnished) in the requisite form, which is available on Bank's website www.idbibank.in. Duly filled in form, along with the documents mentioned therein, may please be submitted to the addresses provided therein. This will facilitate compliance of SEBI's aforesaid circular and payment of dividend (declared, if any) through RBI approved Electronic mode of payment such as ECS [LECS (Local ECS) / RECS (Regional ECS) / NECS (National ECS)], NEFT etc., in the mandated Bank Account of the Shareholder/s.
3. In terms of Circular no. SEBI / HO/ MIRSD / MIRSD_ RTAMB / P / CIR/2021/655 dated 3rd November, 2021, SEBI has laid down common and simplified norms for processing investor's service request by RTAs and norms for furnishing PAN, KYC details and Nomination. Copies of the said Circulars together with relevant forms are available on the website of IDBI Bank at https://www.idbibank.in/idbi-bank-investor.aspx and that of KFin Technologies Limited (KFintech), viz. RTA of the Bank at www.kfintech.com.

तद्नुसार, केवाईसी दस्तावेज़ जमा करना और उपर्युक्त परिपत्र में अधिदेश के अनुसार नामिती विवरण को अद्यतित करना आपके हित में है. फोलियो, जिसमें 1 अप्रैल 2023 को या उसके बाद केवाईसी विवरण या नामिती विवरण में से कोई एक उपलब्ध नहीं होगा, को उक्त परिपत्रों की शर्तों के अनुसार केफिंटेक/ आईडीबीआई बैंक द्वारा फ्रीज़ कर दिया जाएगा. केफिंटेक/ आईडीबीआई बैंक द्वारा फ्रीज़ किए गए फोलियो को बेनामी लेनदेन (निषेध) अधिनियम, 1988 और/ या धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के अधीन प्रशासन प्राधिकारी को भेज दिया जाएगा, यदि वे 31 दिसंबर 2025 तक फ्रीज़ रहते हैं.

4. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 124(5) के प्रावधानों के अनुसार और यथा संशोधित निवेशक शिक्षा एवं सुरक्षा निधि प्राधिकरण (लेखांकन, लेखापरीक्षा, अंतरण और धन वापसी) नियमावली, 2016 की शर्तों के अनुसार, सभी अप्रदत्त या अदावित लाभांश जो अंतरण की तारीख से 7 वर्ष तक अदावित लाभांश खाते में पड़े हैं, को धारा 125(1) के अंतर्गत स्थापित खाते में सितंबर 2022 में बैंक द्वारा अंतरित कर दिया जाएगा. इसके अनुपालन में इस वर्ष बैंक से वित्तीय वर्ष 2014-15 के अदावित लाभांश को शेयरों (जिन पर लगातार सात वर्षों के लिए लाभांश अदत्त/अदावित रहा है) के साथ निधि में अंतरित करना अपेक्षित है. शेयरधारक, जिन्होंने वित्तीय वर्ष 2014-15 के लिए लाभांश का दावा अभी तक नहीं किया है, से अनुरोध है कि वे नियमावली के अनुसार उक्त दावे के लिए बैंक से संपर्क करें. शेयरधारकों के अदावित लाभांश के ब्योरे बैंक की वेबसाइट पर रखे गए हैं.
5. सेबी दिशानिर्देश सभी शेयरधारकों को अपने शेयर डीमैट स्वरूप में रखने के लिए प्रोत्साहित करते हैं. शेयरधारक/(कों), जिनके शेयर कागजी रूप में हैं, से अनुरोध है कि वे सेबी द्वारा पंजीकृत किसी भी डिपॉजिटरी भागीदार के पास डीमैट खाता खुलवाने के बाद अपनी शेयरधारिता को कागजी स्वरूप से डीमैट स्वरूप में शीघ्र परिवर्तित करवा लें.

डाक मतपत्र सूचना में दिए गए विशेष कारोबार के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 102 के अधीन व्याख्यात्मक विवरण

मद सं. 01:

श्री राकेश शर्मा (डीआईएन: 06846594) को 19 मार्च 2019 से तीन वर्ष की अवधि के लिए एमडी एवं सीईओ तथा अनावर्ती निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था. श्री शर्मा का अनुमोदित कार्यकाल 18 मार्च 2022 को समाप्त हो गया.

दिनांक 31 मार्च 2020 के भारतीय रिजर्व बैंक के परिपत्र सं. आरबीआई/2019-20/204 डीओआर. एपीपीटी. सं. 58/29.67.001/2019-20 की शर्तों के अनुसार, एमडी एवं सीईओ की पुनर्नियुक्ति से संबंधित प्रस्ताव के मामले में, चालू अवधि की समाप्ति से कम से कम छह महीने पहले पूर्ण आवेदन रिजर्व बैंक को उनके अनुमोदन हेतु भेजा जाएगा. तद्नुसार, बैंक की नामांकन और पारिश्रमिक समिति (एनआरसी) ने 29 सितंबर 2021 को आयोजित अपनी बैठक में इस पर विचार किया और श्री शर्मा को बैंक के एमडी एवं सीईओ के रूप में 19 मार्च 2022 से तीन वर्ष की अगली अवधि के लिए बोर्ड से पुनर्नियुक्ति के प्रस्ताव की सिफारिश की. श्री राकेश शर्मा आवर्तन के आधार पर सेवानिवृत्ति के लिए दायी नहीं होंगे. एनआरसी की सिफ़ारिश के अनुसरण में, बोर्ड ने 29 सितंबर 2021 को आयोजित अपनी बैठक में श्री शर्मा की 19 मार्च 2022 से तीन वर्ष की अवधि के लिए पुनर्नियुक्ति के प्रस्ताव को अभिपुष्ट किया और इस संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक को उनके अनुमोदन हेतु प्रस्तुत करने की सिफ़ारिश की. इसके अतिरिक्त, भारतीय रिजर्व बैंक ने दिनांक 15 फरवरी 2022 के अपने पत्र के जरिए श्री शर्मा की एमडी एवं सीईओ के रूप में 19 मार्च 2022 से तीन वर्ष की अवधि के लिए पुनर्नियुक्ति को मंजूरी दी है. भारतीय रिजर्व बैंक से अनुमोदन प्राप्त होने के पश्चात्, निदेशक मंडल ने दिनांक 24 फरवरी 2022 को आयोजित अपनी बैठक में बैंक के सदस्यों के अनुमोदन के अधीन श्री शर्मा की 19 मार्च 2022 से तीन वर्ष की अवधि के लिए पुनर्नियुक्ति को मंजूरी दी है.

उक्त प्रस्ताव पर विचार करते समय, एनआरसी और बोर्ड ने समीक्षा की है और निम्नलिखित की पुष्टि की है :

क. यह कि श्री राकेश शर्मा ने अपने कार्यकाल के दौरान बैंक को पीसीए से बाहर लाने और बैंक के समग्र कार्यनिष्पादन में सुधार लाने में सराहनीय कार्य किया है;

ख. यह कि बैंक के प्रवर्तकों और शेयरधारकों ने भी उनमें विश्वास दिखाया हैं, क्योंकि वे बैंक में रूपांतरकारी बदलाव लाने में सक्षम रहे हैं;

ग. यह कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी उचित और उपयुक्त मानकों के अनुसरण में श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ के रूप में पुनर्नियुक्ति हेतु उचित और उपयुक्त हैं;

घ. यह कि श्री शर्मा ने पुनर्नियुक्ति के लिए अपनी सहमति दे दी है और कंपनी अधिनियम, 2013 और सेबी सूचीबद्धता विनियम, बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 तथा इस संबंध में इसमें प्राप्त प्रकटनों के संदर्भ में रिजर्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी दिशानिर्देशों के प्रासंगिक प्रावधानों के अनुसार बैंक के बोर्ड में निदेशक के रूप में नियुक्त होने के लिए अयोग्य नहीं हैं;

ङ. यह कि श्री शर्मा के पास उक्त पद के लिए अपेक्षित अहर्ताएं, कौशल, अनुभव और विशेष ज्ञान है.

श्री शर्मा को उनके कार्यकाल के दौरान देय वार्षिक पारिश्रमिक भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमोदन के अधीन है. एसएस-2 और सेबी सूचीबद्धता विनियमों के अंतर्गत अपेक्षित विवरण इस नोटिस के अनुबंध के रूप दिए गए हैं.

Accordingly, it is in your interest to submit the KYC documents and update nominee details as mandated in the above mentioned circular. Folios wherein any one of the KYC details or nominee details are not available on or after 1st April, 2023, shall be frozen by KFintech / IDBI Bank in terms of the said Circulars. The frozen folios will be referred by KFintech / IDBI Bank to the administering authority under the Benami Transactions (Prohibitions) Act, 1988 and or Prevention of Money Laundering Act, 2002, if they continue to remain frozen as on 31st December, 2025.

4. As per the provisions of Section 124(5) of the Companies Act, 2013 and in terms of the Investor Education and Protection Fund Authority (Accounting, Audit, Transfer and Refund) Rules, 2016 as amended, all unpaid or unclaimed dividends, for a period of seven years from the date of transfer of such dividend to unclaimed dividend account, shall be transferred in September 2022 by the Bank to the Fund established under Section 125(1). In compliance thereof, Bank is required to transfer unclaimed dividend for the FY 2014-15 to the Fund along with the shares (on which dividend has remained unpaid/unclaimed for seven consecutive years). The shareholders, who have not yet claimed the dividend for FY 2014-15, are requested to approach the Bank for claiming the same in terms of the said Rules. The details of unclaimed dividends of the shareholders have been hosted on the Bank's website.
5. SEBI guidelines encourage all shareholders to hold their shares in Demat form. The shareholder/s, who hold their shares in physical form are requested to convert their shareholdings from physical form to Demat form at the earliest, after opening a Demat Account with any SEBI registered Depository Participant.

Explanatory Statement under Section 102 of the Companies Act, 2013 in respect of the Special Business given in the Postal Ballot Notice

Item No. 1:

Shri Rakesh Sharma (DIN: 06846594) was appointed as MD & CEO and non-rotational director for a period of three years w.e.f. March 19, 2019. Approved tenure of Shri Sharma ended on March 18, 2022.

In terms of the RBI Circular No. RBI/2019-20/204 DoR. Appt. No.58 /29.67.001/2019-20 dated 31 March, 2020, in case of the proposal relating to re-appointment of MD & CEO, complete application shall be forwarded to the RBI for their approval at least six months prior to the expiry of the current term. Accordingly, Nomination & Remuneration Committee of the Bank (NRC) at its meeting held on September 29, 2021 considered and recommended the proposal for re-appointment of Shri Sharma as the MD & CEO of the Bank for a further period of three years w.e.f. March 19, 2022, not liable to retire by rotation to the Board for their approval. Pursuant to the recommendation of the NRC, Board at its meeting held on September 29, 2021 ratified the proposal for re-appointment of Shri Sharma for a period of three years w.e.f. March 19, 2022 and recommended for submission to the RBI for their approval in this regard. Further, RBI vide their letter dated February 15, 2022 approved the re-appointment of Shri Sharma as MD & CEO for a period of three years w.e.f. March 19, 2022. On receipt of the RBI approval, Board of Directors at its meeting held on February 24, 2022 approved the re-appointment of Shri Sharma for a period of three years w.e.f. March 19, 2022, subject to approval of the members of the Bank.

While considering the said proposal, the NRC and Board, reviewed and confirmed the following:

a. That Shri Rakesh Sharma has done a commendable job in bringing the Bank out of PCA and improving the overall performance of the Bank during his tenure;
b. That the promoters and stakeholders of the Bank have also shown confidence in him, since he has been able to bring transformational changes in the Bank;
c. That Shri Rakesh Sharma is fit and proper to be re-appointed as MD & CEO pursuant to the fit and proper norms issued by the RBI;
d. That Shri Sharma has given his consent to be re-appointed and is not disqualified from being appointed as a director on the Board of the Bank pursuant to the relevant provisions of the Companies Act, 2013 and SEBI Listing Regulations, the Banking Regulation, Act, 1949 and the Guidelines issued by the RBI, in this regard, from time to time, in terms of the disclosures obtained therein;
e. That Shri Sharma possesses the requisite qualifications, skills, experience and special knowledge required for the said post.

The Annual remuneration payable to Shri Sharma during his tenure is subject to approval of the RBI. The details as required under SS-2 and

श्री राकेश शर्मा का संक्षिप्त परिचय निम्नानुसार है:

श्री राकेश शर्मा एक अनुभवी बैंकर हैं जिनका विभिन्न बैंकों में 40 वर्षों से अधिक का कार्यकाल रहा है. उन्होंने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) में अपना बैंकिंग कैरियर शुरू किया और एसबीआई में विभिन्न जिम्मेदारियों को संभाला जिनमें एसबीआई की विशेषीकृत शाखाओं और प्रशासनिक कार्यालयों में क्रेडिट कार्यभार, एसबीआई की टोक्यो शाखा में 4 वर्ष तक कार्य करना, एसबीआई के कॉरपोरेट केंद्र में अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग समूह में बैंकिंग परिचालन, एसबीआई के दिल्ली सर्कल एचआर प्रमुख, राजस्थान, उत्तराखंड और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में खुदरा परिचालन, अविभाजित आंध्र प्रदेश में मिड कॉरपोरेट समूह के प्रमुख और इसके बाद बिहार तथा झारखंड राज्यों में परिचालन सहित पटना सर्कल के मुख्य महा प्रबंधक के रूप में कार्य शामिल हैं. इसके पश्चात् वे एसबीआई में मुख्य महाप्रबंधक के पद से मुक्त होकर लक्ष्मी विलास बैंक में एमडी एवं सीईओ बने और वहाँ उन्होंने 07 मार्च 2014 से 9 सितंबर 2015 तक अपनी सेवाएं दीं. उन्होंने 11 सितंबर 2015 को केनरा बैंक में एमडी एवं सीईओ के रूप में कार्यभार संभाला और 31 जुलाई 2018 तक 3 वर्षों की सेवाएं देकर एमडी एवं सीईओ के पद से सेवानिवृत्त हुए. केनरा बैंक में अपने सेवाकाल के दौरान उन्होंने केनरा बैंक की समूह कंपनियों में अध्यक्ष का पद भी संभाला. इसके पश्चात् उन्होंने 10 अक्तूबर 2018 को आईडीबीआई बैंक में एमडी एवं सीईओ के रूप में कार्यभार संभाला और एमडी एवं सीईओ के रूप में उनकी सेवाएं अभी जारी हैं.

निदेशक मंडल नोटिस की मद सं. 1 में निहित सामान्य संकल्प को पारित करने की सिफ़ारिश करता है. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 102 (1) की शर्तों के अनुसार, यह प्रस्तुत है कि बैंक का कोई भी निदेशक (स्वयं श्री राकेश शर्मा के अलावा) या मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक या उनके संबंधी, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, बैंक में उनकी शेयरधारिता, यदि कोई हो, की सीमा को छोड़कर, उपर्युक्त संकल्प पारित करवाने में वित्तीय या अन्य प्रकार से संबंधित या हितबद्ध नहीं है. श्री राकेश शर्मा बैंक के बोर्ड में किसी अन्य निदेशक या बैंक के किसी मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक से संबंधित नहीं हैं.

मद सं. 02:

श्री मुकेश कुमार गुप्ता (डीआईएन: 06638754) को 10 फरवरी 2022 से बोर्ड में एलआईसी के नामिती निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है और वे एलआईसी द्वारा इसमें कोई परिवर्तन न किए जाने तक पद पर बने रहेंगे. कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 152(6) और 160 के साथ पठित अनुच्छेद 116(1)(vii) के अनुपालन में यह प्रस्ताव है कि उन्हें बोर्ड में एलआईसी के नामिती निदेशक के रूप में नियुक्त किया जाए जो एलआईसी के नामिती निदेशक की अपनी अवधि के दौरान आवर्तन आधार पर सेवानिवृति के लिए दायी होंगे.

श्री मुकेश गुप्ता बोर्ड/ समिति की बैठकों में शामिल होने के लिए बैठक शुल्क और साथ ही साथ परिवहन, यात्रा और ठहरने की व्यवस्था के लिए प्रतिपूर्ति के हकदार होंगे. एसएस-2 और सेबी सूचीबद्धता विनियमों के अंतर्गत अपेक्षित विवरण इस नोटिस के अनुबंध के रूप में प्रदान किए गए हैं.

श्री मुकेश कुमार गुप्ता का संक्षिप्त परिचय निम्नानुसार है:

श्री मुकेश गुप्ता के पास जीवन बीमा उद्योग में रणनीतिक नेतृत्व और परिचालन का चार दशकों का अनुभव है. उन्होंने एलआईसी में विभिन्न वर्टिकलों में विभिन्न क्षमताओं तथा परिचालन कार्यालयों के सभी स्तरों जैसे शाखा प्रभारी, वरिष्ठ मंडल प्रबंधक, अंचल प्रबंधक एवं कार्यपालक निदेशक के रूप में कार्य किया है. उनके पास कार्मिक, विपणन, निवेश परिचालन, बैंक इंश्योरेंस, मानव संसाधन, नए कारोबार एवं पुनर्बीमा, और अंचल प्रशिक्षण केंद्र एवं प्रबंधन विकास केंद्र से संबंधित गहन अनुभव एवं विशेषज्ञता है. उनके पास विविध और बेहतर व्यावहारिक ज्ञान तथा बीमा निवेश एवं वित्त क्षेत्र में अंतर्दृष्टि है. एलआईसी के प्रबंध निदेशक के रूप में अन्य कार्यों के साथ, वे एलआईसी के विनियामकीय अनुपालन और निवेश परिचालन की देखरेख कर रहे थे. प्रबंध निदेशक के रूप में एलआईसी के बोर्ड में होने के अलावा, श्री गुप्ता के पास बोर्ड प्रशासन का गहन अनुभव है. उन्होंने अलग-अलग समय में छह कंपनियों के बोर्ड में नामिती निदेशक/ निदेशक के रूप में कार्य किया है जिसमें भारत और विदेश में एलआईसी की सहायक और सहयोगी कंपनियां ही नहीं, बल्कि भारत की प्रसिद्ध सार्वजनिक कंपनियां भी शामिल हैं. वर्तमान में वे एलआईसी के नामिती निदेशक के रूप में आईटीसी के बोर्ड में शामिल हैं. श्री गुप्ता ने अनेक प्रमाणन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लिया है जिनमें एफ़एएलआईए (दुनियाभर में जीवन और बीमा की उन्नति के लिए संस्थान) का प्रशिक्षण कार्यक्रम, आईआईएम अहमदाबाद द्वारा आयोजित सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और वित्तीय संस्थाओं में नेतृत्व पर सत्र, आईएसबी हैदराबाद द्वारा आयोजित मार्शल गोल्डस्मिथ द्वारा एक्जीक्यूटिव कोचिंग शामिल हैं.

निदेशक मंडल नोटिस की मद सं. 2 में निहित सामान्य संकल्प को पारित करने की सिफ़ारिश करता है. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 102 (1) की शर्तों के अनुसार, यह प्रस्तुत है कि बैंक का कोई भी निदेशक (स्वयं श्री मुकेश कुमार गुप्ता के अलावा) या मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक या उनके संबंधी, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, बैंक में

SEBI Listing Regulations have been provided as Annexure to this notice.

The brief profile of Shri Sharma is provided hereinafter:

Shri Rakesh Sharma is a seasoned banker with a total stint of over 40 years in various Banks. He started his banking career in State Bank of India (SBI) and held various responsibilities in SBI including credit assignments in specialized branches and administrative offices of SBI, working at Tokyo Branch of SBI for 4 years, banking operations in International banking group at Corporate Center of SBI, Head of HR in Delhi circle, retail operations in the state of Rajasthan, Uttarakhand and Western UP, Head of Mid Corporate group in Undivided Andhra Pradesh and then CGM of Patna Circle comprising operations in Bihar and Jharkhand states. He then moved from the position of Chief General Manager in SBI to Lakshmi Vilas Bank Ltd. as MD & CEO and served there from March 07, 2014 till September 09, 2015. He joined Canara Bank as MD & CEO on September 11, 2015 and retired from Canara Bank as MD & CEO after serving for a period of 3 years till July 31, 2018. While in Canara Bank he also held the position of Chairman in the group companies of Canara Bank. He then joined IDBI Bank as MD & CEO w.e.f. October 10, 2018 and continues to be the MD & CEO.

The Board of Directors recommends passing of the Ordinary Resolution as contained at Item No.1 of the notice. In terms of Section 102(1) of the Companies Act, 2013, it is submitted that none of the Directors (other than Shri Rakesh Sharma himself) or Key Managerial Personnel of the Bank or their relatives is, whether directly or indirectly, concerned or interested, financial or otherwise, in the passing of resolution except to the extent of their shareholding, if any, in the Bank. Shri Sharma is not related to any other Director on the Board of the Bank or any Key Managerial Personnel of the Bank.

Item No. 2:

Shri Mukesh Kumar Gupta (DIN: 06638754) was appointed LIC Nominee Director on the Board w.e.f. February 10, 2022 to hold office till the pleasure of LIC. In compliance of Article 116(1) (vii) read with Sections 152(6) and 160 of the Companies Act, 2013, it is proposed to appoint him as a Director liable to retire by rotation during his tenure as LIC Nominee Director on the Board.

Shri Mukesh Gupta shall be entitled to the payment of sitting fees for attending Board / Committee Meetings as well as reimbursement of his transport, travel and stay arrangements. The details as required under SS-2 and SEBI Listing Regulations have been provided as Annexure to this notice.

The brief profile of Shri Mukesh Kumar Gupta is provided hereinafter:

Shri Mukesh Gupta has four decades of strategic leadership and operational experience in life insurance industry. He has worked across multiple verticals in various capacities heading all tiers of operational offices in LIC as Branch In- charge, Senior Divisional Manager, Zonal Manager & Executive Director with experience and expertise spread across Personnel, Marketing, Investment Operations, Banc assurance, Human Resources, New Business & Reinsurance, and Zonal Training Centre & Management Development Centre. He has fairly diverse and good practical knowledge and insight into Insurance Investment and Finance function. As Managing Director of LIC, among other functions, he was overseeing Regulatory Compliance and Investment Operations of LIC. Besides being on the Board of LIC as Managing Director, Shri Gupta has rich experience of Board governance having served as nominee director / director on the Boards of six companies at different points of time which included not only subsidiaries and associates of LIC in India and abroad but also several well-known public companies in India. He is presently on the Board of ITC Limited as Nominee Director of LIC. Shri Gupta has attended number of certification & training programmes which included training program of FALIA (Foundation for Advancement of Life & Insurance Around the world), session on Leadership in Public Sector Banks and Financial Institutions conducted by IIM Ahmedabad, Executive coaching by Marshal Goldsmith conducted by ISB, Hyderabad

The Board of Directors recommends passing of the Ordinary Resolution as contained at Item No.2 of the notice. In terms of Section 102(1) of the Companies Act, 2013, it is submitted that none of the Directors (other than Shri Mukesh Gupta himself) or Key Managerial Personnel of the Bank or their relatives is, whether directly or indirectly,

उनकी शेयरधारिता, यदि कोई हो, की सीमा को छोड़कर, उपर्युक्त संकल्प पारित करवाने में वित्तीय या अन्य प्रकार से संबंधित या हितबद्ध नहीं है. श्री गुप्ता बैंक के बोर्ड में किसी अन्य निदेशक या बैंक के किसी मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक (केएमपी) से संबंधित नहीं हैं.

मद सं. 3:

श्री थोथला नारायणसामी मनोहरन (डीआईएन:01186248) को आईडीबीआई बैंक के बोर्ड में 24 फरवरी 2022 से अपर निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था तथा वे आगामी महासभा की तारीख तक ऐसे निदेशक के रूप में पद पर रहेंगे. बैंक को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 160 के अधीन निदेशक पद के लिए श्री टी. एन. मनोहरन से अपनी उम्मीदवारी सूचित करते हुए नोटिस प्राप्त हुआ है. यह प्रस्ताव है कि श्री टी. एन. मनोहरन को 24 फरवरी 2022 (अर्थात् अपर निदेशक के रूप में उनकी मूल नियुक्ति की तारीख) से लगातार 4 वर्षों के आरंभिक कार्यकाल के लिए स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त किया जाए और इस सूचना की मद सं.3 में दिए गए संकल्प को पारित किया जाए. यह नोट किया जाए कि श्री टी. एन. मनोहरन ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149(7) के अंतर्गत इस आशय की घोषणा प्रस्तुत की है कि वे कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149(6) और सेबी (एलओडीआर) विनियमन, 2015 के विनियम 16 में दिए अनुसार स्वतंत्रता के मानदंडों को पूरा करते हैं. इसके अतिरिक्त, बोर्ड के मतानुसार भी वे ऐसी नियुक्ति के लिए कंपनी अधिनियम 2013 और उनके अंतर्गत बनाए गए नियमों, सेबी सूचीबद्धता विनियमावली तथा बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 में निर्धारित शर्तों को पूरा करते हैं और यह कि उक्त निदेशक प्रबंधन से स्वतंत्र हैं.

स्वतंत्र निदेशक के रूप में, श्री टी. एन. मनोहरन बोर्ड/समिति की बैठकों में उपस्थित होने के लिए बैठक शुल्क और साथ ही साथ वाहन व्यय, यात्रा तथा ठहरने की व्यवस्था हेतु किए गए व्ययों की प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होंगे. एनआरसी की सिफ़ारिशों के आधार पर, बोर्ड ने श्री टी. एन. मनोहरन को 24 फरवरी 2022 से लगातार 4 वर्षों के लिए प्रारंभिक कार्यकाल हेतु स्वतंत्र निदेशक के रूप में उनकी नियुक्ति की सिफारिश की है. एसएस-2 और सेबी सूचीबद्धता विनियमावली के अंतर्गत अपेक्षित विवरण इस सूचना के अनुबंध के रूप में दिए गए हैं.

श्री टी. एन. मनोहरन का संक्षिप्त परिचय निम्नानुसार है:

श्री टी. एन. मनोहरन अर्हताप्राप्त सीए, विधि स्नातक हैं और उन्होंने इंग्लैंड और वेल्स में इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के आईएफ़आरएस सर्टिफिकेट लेवल ऑनलाइन लर्निंग एंड असेसमेंट प्रोग्राम पूरा किया है. वह 38 वर्षों से सनदी लेखाकार की प्रैक्टिस कर रहे हैं. वे "मनोहर चौधरी एंड एसोसिएट्स" फ़र्म के संस्थापक भागीदार और संरक्षक हैं, जिसका मुख्यालय चेन्नई में है और भारत में विभिन्न स्थानों पर इसकी शाखाएँ हैं. 1983 में सीए के रूप में अर्हता प्राप्त करने के बाद, उन्होंने लेखापरीक्षा, कर और परामर्श सेवाओं के क्षेत्रों को शामिल करते हुए सार्वजनिक प्रैक्टिस शुरू की. समय के साथ इन्होंने कर प्रतिनिधित्व और कॉर्पोरेट सलाहकार सेवाओं में विशेषज्ञता प्राप्त की.

श्री मनोहरन ने भारत और विदेश में संगोष्ठियों और सम्मेलनों में भाग लिया है. उन्होंने बीकॉम और व्यावसायिक पाठ्यक्रम के छात्रों के लिए कराधान पर पाठ्य पुस्तकें भी लिखी हैं और आरबीआई स्टाफ कॉलेज, आईसीएआई, आईसीएसआई और भारतीदासन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में विजिटिंग संकाय रहे हैं. आरबीआई के आग्रह पर उन्होंने अगस्त 2008 से अक्तूबर 2011 के दौरान सहारा इंडिया फ़ाइनेंस कॉर्पोरेशन में जमाकर्ताओं के हित की रक्षा करने और कारोबार के समापन के लिए निदेशक के रूप में अपनी सेवाएं दी हैं. उन्हें जनवरी 2009 से जुलाई 2012 तक भारत सरकार द्वारा सत्यम कंप्यूटर सर्विसेस लि. के बोर्ड में विशेष निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था. वे 2006-07 के दौरान बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण के बोर्ड में सदस्य रह चुके हैं. वे 2012-2015 तक एनसीसी लि. के स्वतंत्र निदेशक थे.

श्री मनोहरन 2015 से 2020 तक 5 वर्षों के लिए केनरा बैंक के गैर-कार्यपालक अध्यक्ष थे. उन्हें आरबीआई द्वारा नवंबर 2020 के दौरान लक्ष्मी विलास बैंक के प्रशासक के रूप में भी नियुक्त किया गया था और उन्होंने डीबीएस बैंक इंडिया लि. के साथ विलय में सहयोग प्रदान किया. वे 2012 से 2014 तक सीवीसी और आरबीआई द्वारा गठित बैंकों, वाणिज्यिक और वित्तीय धोखाधड़ी संबंधी सलाहकार बोर्ड के सदस्य रह चुके हैं. वे जून से अगस्त 2019 के दौरान भारत में कॉर्पोरेट ऋण के लिए द्वितीयक बाज़ार स्थापित करने हेतु सिफ़ारिशें देने के लिए आरबीआई द्वारा गठित कार्यबल के अध्यक्ष थे. वे अगस्त 2020 से जून 2021 तक कोविड-19 संबंधी तनाव हेतु कॉर्पोरेट ऋणों के समाधान ढांचे के लिए आरबीआई द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति के सदस्य थे. वर्तमान में वे टेक महिंद्रा लि., महिंद्रा एंड महिंद्रा लि., टेक महिंद्रा अमेरिका के बोर्ड में हैं और मार्च 2021 से 3 वर्षों के लिए यूनिवर्सल बैंकों और स्माल फ़ाइनेंस बैंकों के लिए आवेदनों के मूल्यांकन हेतु आरबीआई द्वारा गठित स्थायी बाह्य सलाहकार समिति (एसईएसी) के सदस्य हैं.

श्री मनोहरन को सत्यम पुनः प्रवर्तन टीम के सदस्य के रूप में क्रमशः अक्तूबर और दिसंबर 2009 में भारत के माननीय वित्त मंत्री द्वारा "बिज़नस लीडरशिप अवार्ड" और

concerned or interested, financial or otherwise, in the passing of the aforesaid resolution except to the extent of their shareholding, if any, in the Bank. Shri Gupta is not related to any other Director on the Board of the Bank or any KMP of the Bank.

Item No. 3:

Shri Thothala Narayanasamy Manoharan (DIN: 01186248) was appointed as an Additional Director on the Board of IDBI Bank w.e.f. February 24, 2022 and shall hold office as such Director upto the date of the ensuing General Meeting. The Bank has received a notice under Section 160 of the Companies Act, 2013 from Shri T. N. Manoharan signifying his candidature for the office of Director. It is proposed to appoint Shri T. N. Manoharan as Independent Director for an initial term of 4 consecutive years w.e.f. February 24, 2022 (i.e. the date of his original appointment as Additional Director) and pass the resolution contained under Item No.3 of this Notice. It may be noted that Shri T. N. Manoharan has given a declaration under Section 149(7) of the Companies Act, 2013 that he meets the criteria of Independence as provided under Section 149(6) of the Companies Act, 2013 and Regulation 16 of SEBI (LODR) Regulations, 2015. Further, in the opinion of the Board also, he fulfills the conditions specified in the Companies Act, 2013 and rules made thereunder, SEBI Listing Regulations and The Banking Regulation Act, 1949 for such an appointment and that the Director is independent of the management.

As an Independent Director, Shri T. N. Manoharan shall be entitled to the payment of sitting fees for attending Board / Committee Meetings as well as reimbursement of transport, travel and stay arrangements for attending meetings. Based on recommendation of the NRC, Board recommends the appointment of Shri T. N. Manoharan as Independent Director for the initial term of 4 consecutive years w.e.f. February 24, 2022. The details as required under SS-2 and SEBI Listing Regulations have been provided as Annexure to this notice.

The brief profile of Shri T. N. Manoharan is provided hereinafter:

Shri T. N. Manoharan is a qualified CA, Law graduate and has completed IFRS certificate level online learning and assessment programme of the Institute of Chartered Accountants in England and Wales. He is a practicing Chartered Accountant with 38 years standing. He is the founder partner and mentor of the firm "Manohar Chowdhry & Associates" which is headquartered in Chennai and has branches in different locations in India. After qualifying as a CA in 1983, he commenced public practice covering areas of Audit, Tax and Consultancy services. Over a period of time specialized in Tax representation and corporate advisory services.

Shri Manoharan has presented papers in seminars and conferences in India and abroad. He has also Authored text books on Taxation for B.Com and professional course students and has been visiting faculty in RBI Staff College, ICAI, ICSI and Bharathidasan Institute of Management. He has served as Director at the instance of RBI in Sahara India Finance Corporation to protect the interest of depositors and winding up of the business during August 2008 to October 2011. He was appointed as Special Director by the Government of India on the Board of Satyam Computers Services Ltd. from January 2009 to July 2012. He was a Member on the Board of Insurance Regulatory & Development Authority during 2006-07. He was Independent Director of NCC Ltd. from 2012 to 2015.

Shri Manoharan was the Non-Executive Chairman of Canara Bank for 5 years from 2015 to 2020. He was also appointed by RBI as Administrator of Lakshmi Vilas Bank during November 2020 and facilitated merger with DBS Bank India Ltd. He served as member of the advisory board on Banks, Commercial and Financial Frauds constituted by the CVC and RBI from 2012 to 2014. He was Chairman of the Task Force constituted by RBI for making recommendations for establishing secondary market for Corporate Loans in India during June to August 2019. He was Member of the Expert Committee constitute by RBI for Resolution framework of corporate loans for Covid 19 related stress from August 2020 to June 2021. He is presently on the Board of Tech Mahindra Ltd., Mahindra & Mahindra Ltd., Tech Mahindra America and Member of the Standing External Advisory Committee (SEAC) constituted by the RBI for evaluation of applications for Universal banks and Small Finance Banks for 3 years since March, 2021.

Shri Manoharan was awarded "Business Leadership award" by the Hon'ble Finance Minister of India and "Indian of the year 2009" by the

भारत के माननीय प्रधान मंत्री द्वारा 'इंडियन ऑफ दी ईयर 2009' के पुरस्कार से सम्मानित किया गया था. उन्हें भारत के महामहिम राष्ट्रपति द्वारा 07 अप्रैल 2010 को भारत के प्रतिष्ठित नागरिक पुरस्कार 'पद्म श्री' से भी सम्मानित किया गया.

निदेशक मंडल सूचना की मद सं. 3 में निहित विशेष संकल्प को पारित करने की सिफारिश करता है. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 102 (1) के अनुसार, यह स्पष्ट किया जाता है कि बैंक का कोई भी निदेशक (स्वयं श्री टी.एन. मनोहरन के अलावा) या मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक या उनके संबंधी, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, आईडीबीआई बैंक में उनके शेयरधारिता, यदि कोई हो, की सीमा को छोड़कर, उपर्युक्त संकल्प पारित करवाने में वित्तीय या अन्य प्रकार से संबंधित या हितबद्ध नहीं है. श्री टी.एन. मनोहरन बैंक के किसी मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक या बोर्ड में किसी अन्य निदेशक से संबंधित नहीं हैं.

मद सं. 4:

श्री समरेश परिदा (डीआईएन 01853823) को 19 मई 2018 से 4 वर्ष की आरंभिक अवधि के लिए आईडीबीआई बैंक के बोर्ड में स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था. वे 18 मई 2022 को अपना 4 वर्षीय कार्यकाल पूरा करने जा रहे हैं. बैंक के संस्था अंतर्नियम के अंतर्नियम 116(1) (vi) के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149(10) के अनुसार श्री समरेश परिदा लगातार 4 वर्षों के दूसरे कार्यकाल के लिए पुनर्नियुक्ति हेतु पात्र हैं. श्री समरेश परिदा ने स्वतंत्र निदेशक के रूप में पुनर्नियुक्ति हेतु प्रस्ताव दिया है. कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची IV के पैरा VIII (2) के प्रावधानों तथा वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए स्वतंत्र निदेशकों के वार्षिक मूल्यांकन के आधार पर यह प्रस्ताव है कि श्री समरेश परिदा को 19 मई 2022 से लगातार 4 वर्षों के लिए दूसरे कार्यकाल के लिए पुनर्नियुक्त किया जाए तथा इस डाक मतपत्र सूचना की मद सं. 4 में दिए गए संकल्प को पारित किया जाए. यह भी नोट किया जाए कि श्री समरेश परिदा ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149(7) के अधीन इस आशय की घोषणा प्रस्तुत की है कि वे कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149(6) में दिए अनुसार स्वतंत्रता के मानदंडों को पूरा करते हैं. इसके अतिरिक्त, बोर्ड के मतानुसार भी वे ऐसी नियुक्ति के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 और उनके अंतर्गत बनाए गए नियमों, सेबी सूचीबद्धता विनियमावली तथा बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 में निर्धारित शर्तों को पूरा करते हैं और यह कि उक्त निदेशक प्रबंधन से स्वतंत्र है.

श्री समरेश परिदा बोर्ड/ समिति की बैठकों में उपस्थित होने के लिए बैठक शुल्क और साथ ही साथ वाहन व्यय, यात्रा और ठहरने की व्यवस्था के लिए प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होंगे. एनआरसी के सिफारिश के आधार पर, बोर्ड ने श्री समरेश परिदा को 19 मई 2022 से लगातार 4 वर्षों के लिए दूसरे कार्यकाल हेतु स्वतंत्र निदेशक के रूप में उनकी नियुक्ति की सिफारिश की है. एसएस-2 और सेबी सूचीबद्धता विनियमावली के अंतर्गत अपेक्षित विवरण इस नोटिस के अनुबंध के रूप में दिए गए हैं.

श्री समरेश परिदा का संक्षिप्त परिचय निम्नानुसार है:

